an>

Title: Need to ensure distribution of Methane Gas produced in Shahdol district, Madhya Pradesh in the State on priority basis and also provide adequate compensation and employment to farmers whose land has been acquired for production of the Gas.

श्री दलपत सिंह परस्ते (शहडोल) : मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में कोयले के भंडारों से मिथेन गैस का उत्पादन का कार्यभार रिलायन्स कंपनी द्वारा किया जा रहा है। मिथेन गैस का वितरण राज्य के जिलों तथा राज्य में होना चाहिए, लेकिन गैसे दूसरे राज्यों में वितरित की जा रही है तथा साथ ही जिन आदिवासी किसानों की भूमि का अधिग्रहण जबरन किया गया है, उन्हें वापस किया जाए या जिन किसानों को उनकी जमीन का अधिग्रहण के बाद भी समान दर से मुआवजा नहीं दिया गया है, उन्हें मुआवजे का वितरण शीघ्र किया जाए। ऐसे भी आदिवासी किसान हैं जिन्हें सरकार की ओर से नौकरी देने का आश्वासन दिया गया लेकिन उन्हें नौकरी भी नहीं दी गई। शीघ्र ऐसे किसानों की सहायता की जाए। गैस के वितरण के प्लांट में मेरे जिले को प्राथमिकता दी जाए।